Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to take steps to provide Kharif crops prices under the Pradhan Mantri Fasal Bima Yojana, 2021 to the Farmers in Jalore Parliamentary Constituency, Rajasthan

श्री देवजी पटेल (**जालौर**): माननीय सभापति जी, राजस्थान में किसान की कर्जा माफी पर कांग्रेस ने सरकार बना ली, लेकिन आज तक किसानों को कोई लाभ नहीं दिया । इसके साथ किसानों का दुर्भाग्य शुरू हुआ । राजस्थान में कभी पटवारियों की हड़ताल होती है या दो-तीन पंचायतों के इलैक्शन कराकर यह सरकार अपने दिन निकाल रही है ।

अब वर्ष 2020 में रबी के लिए फसल बीमा की जो स्कीम माननीय प्रधान मंत्री जी ने लागू की है, उसे भी रोकने का कार्य किया और यह एक साल लेट मिला । लोक सभा क्षेत्र जालौर पूरी तरह से अकाल प्रभावित घोषित हो चुका है, लेकिन अभी तक इस पर कोई कार्रवाई नहीं हुई । बीमा कंपनियों से मिलीभगत करके पता नहीं क्यों ये किसानों को नुकसान पहुंचा रहे हैं ।

मेरा निवेदन है कि प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना, 2021 के तहत खरीफ का पैसा जल्द से जल्द किसानों को मिले । यही मेरा आग्रह है ।